# Model Paper (2026-27)

## Class: 12th (Senior Secondary)

## MARKING INSTRUCTIONS AND MODEL ANSWERS

## HISTORY

## OPEN

---

**खंड- क (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)** **1×24=24**

**Section–A (Objective Questions)**

### उत्तर कुंजी / Answer Key

1. (ब) हरियाणा
   (B) Haryana
2. (ब) कौटिल्य
   (B) Kautilya
3. (अ) अलबरूनी
   (A) Alberuni
4. (स) मध्य प्रदेश
   (C) Madhya Pradesh
5. (ब) तुंगभद्रा
   (B) Tungabhadra
6. (स) 1813 ई०
   (C) 1813 AD
7. (स) लॉर्ड कैनिंग
   (C) Lord Canning

8. (द) गोपाल कृष्ण गोखले

(D) Gopal Krishna Gokhale

9. (द) संस्कृत यज्ञ

(D) Sanskrit Yagya

10. (स) साँची स्तूप

(C) Sanchi Stupa

11. (ब) जो पुरुषों और महिलाओं को अस्तित्व की नदी के पार ले जाते हैं।

(B) One who carries men and women across the river of existence.

12. (स) कुषाण साम्राज्य

(C) Kushan Empire

13. Daughter of Chandragupta II / चंद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री

14. Endogamy means marriage within a person's group, caste or community. / अंतर्विवाह का अर्थ है किसी व्यक्ति का अपने समूह, वर्ण या जाति के अंदर विवाह करना।

15. Sultan Muhammad-bin-Tughlaq / सुल्तान मोहम्मद-बिन-तुगलक

16. Colonel Colin Mackenzie was a Scottish Army officer in the British East India Company who later became the first Surveyor General of India. / कर्नल कॉलिन मैकेंज़ी ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में स्कॉटिश सेना अधिकारी थे जो बाद में भारत के पहले सर्वेयर जनरल बने।

17. 26 December 1929 AD / 26 दिसंबर 1929 ई०

18. Dhamma Mahamatya / धम्म महामात्य

19. Alwar / अलवार

20. Lord Cornwallis / लार्ड कार्नवालिस

21. Barrackpore / बैरकपुर

22. (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct but (R) does not correctly explain (A). / अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

23. (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). / अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

24. (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct but (R) does not correctly explain (A). / अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

## खंड-ख (अति लघु उत्तरीय प्रश्न) 2×8=16

## Section-B (Very Short Answer Questions)

25. **उत्तर / Answer:**

हड़प्पाकालीन जीवन निर्वाह के मुख्य तरीके निम्नलिखित थे—

**(i) कृषि (Agriculture):** हड़प्पा सभ्यता के निवासी विभिन्न प्रकार के पौधों एवं पशुओं से भोजन प्राप्त करते थे। पुरातात्विक उत्खननों में गेहूँ,

जौ, दालें, सफेद चना, तिल तथा बाजरा आदि के अवशेष प्राप्त हुए हैं। गुजरात के स्थलों से बाजरे के दाने तथा कुछ स्थानों से चावल के दाने भी मिले हैं।

**(ii) पशुपालन (Animal Husbandry):**हड़प्पा स्थलों से प्राप्त हड्डियों से ज्ञात होता है कि लोग गाय, बैल, भेड़, बकरी, भैंस तथा सूअर जैसे पालतू पशुओं का पालन करते थे। पशुपालन उनके जीवन निर्वाह का महत्वपूर्ण साधन था।

**(iii) शिकार एवं मत्स्य पालन (Hunting and Fishing):**जंगली सूअर, हिरण तथा घड़ियाल जैसी प्रजातियों की हड्डियाँ भी मिली हैं। इसके अतिरिक्त मछलियों और पक्षियों की हड्डियों के प्रमाण मिले हैं, जिससे पता चलता है कि शिकार और मत्स्य पालन भी भोजन प्राप्त करने के प्रमुख साधन थे।

**English Answer:**

The main methods of subsistence during the Harappan period were:

**(i) Agriculture:** The Harappans obtained food from various plants and animals. Archaeological evidence shows the cultivation of wheat, barley, pulses, white gram, sesame and millet. Rice grains have also been found at some sites.

**(ii) Animal Husbandry:** Bones of cattle, sheep, goats, buffaloes and pigs found at Harappan sites indicate that these animals were domesticated and formed an important part of the economy.

**(iii) Hunting and Fishing:** Bones of wild animals such as boar, deer and crocodile have been discovered. Fish and bird bones have also been found, indicating that hunting and fishing supplemented their food resources.

**अथवा / OR**

**उत्तर / Answer:**

**(i) कृषि विधियाँ (Agricultural Methods):**हड़प्पा सभ्यता में जुते हुए खेतों में बीज बोए जाते थे। बैलों द्वारा खेत जोते जाने के प्रमाण मुहरों तथा मिट्टी के हल के प्रतिरूपों से प्राप्त होते हैं। कालीबंगन (राजस्थान) से जुते हुए खेतों के अवशेष मिले हैं, जिनसे दोहरी फसल प्रणाली का संकेत मिलता है।

**(ii) औजारों का प्रयोग (Use of Tools):**फसलों की कटाई के लिए पत्थर एवं धातु के औजारों का प्रयोग किया जाता था। पुरातत्वविदों ने ऐसे उपकरणों की पहचान की है जो कृषि कार्यों में उपयोग किए जाते थे।

**(iii) सिंचाई के साधन (Irrigation Facilities):**अधिकांश हड़प्पा स्थल अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में स्थित थे, इसलिए सिंचाई की आवश्यकता होती थी। शोर्तुघई से नहरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। धौलावीरा (गुजरात) में विशाल

जलाशयों का निर्माण किया गया था जिनका उपयोग जल संचयन एवं सिंचाई के लिए किया जाता था।

**English Answer:**

**(i) Agricultural Methods:** Seeds were sown in ploughed fields. Evidence from seals and clay models suggests the use of oxen for ploughing. Ploughed fields discovered at Kalibangan indicate the cultivation of two crops simultaneously.

**(ii) Use of Tools:** Stone and metal tools were used for harvesting crops. Archaeologists have identified various implements associated with agricultural activities.

**(iii) Irrigation Facilities:** Since most Harappan settlements were located in semi-arid regions, irrigation was necessary. Remains of canals have been found at Shortughai, while reservoirs at Dholavira were used for water storage and irrigation.

**प्रश्न 26.**

**उत्तर / Answer:**

अशोक ने अपने शासनकाल में अनेक अभिलेख खुदवाए थे। भारतीय इतिहास में इनका विशेष महत्त्व है।

1. ये अभिलेख मौर्य साम्राज्य की जानकारी के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।
2. इनसे मौर्य साम्राज्य के विस्तार का पता चलता है।

3. इनसे अशोक द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी मिलती है।
4. ये अभिलेख मौर्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।
5. इनसे बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु अशोक द्वारा किए गए प्रयासों का ज्ञान होता है।

**English Answer:**

1. These inscriptions are important sources of information about the Mauryan Empire.
2. They provide knowledge about the extent of the Mauryan Empire.
3. They describe the welfare measures undertaken by Ashoka.
4. They are excellent examples of Mauryan art.
5. They reveal Ashoka's efforts to spread Buddhism.

**प्रश्न 27.**

**महायान (Mahayana)**

- ग्रन्थ संस्कृत भाषा में हैं।
- मूर्ति पूजा को स्वीकार किया गया।

**हीनयान**

➢ ग्रन्थ पालि भाषा में हैं।

➢ बुद्ध को आदर्श पुरुष माना गया, मूर्ति पूजा पर बल नहीं।

➢ बौद्ध धर्म का प्राचीन सम्प्रदाय है।

**English Answer:**

1. Mahayana texts are in Sanskrit, whereas Hinayana texts are in Pali.
2. Idol worship became popular in Mahayana, while Hinayana emphasized Buddha as an ideal teacher.
3. Mahayana is the later sect of Buddhism, whereas Hinayana is the earlier sect.

**प्रश्न 28.**

**उत्तर / Answer:**

फ्रांसिस बर्नियर फ्रांस का निवासी था। वह 1656 ई. में मुगल सम्राट शाहजहाँ के शासनकाल में भारत आया और 1668 ई. तक भारत में रहा। वह प्रसिद्ध चिकित्सक, राजनीतिक विचारक, दार्शनिक तथा इतिहासकार था। उसकी प्रसिद्ध पुस्तक **'Travels in the Mughal Empire'** है।

**English Answer:**

François Bernier was a French traveller who came to India in 1656 during the reign of Shah Jahan and stayed until 1668. He was a physician, political thinker, philosopher and historian. His famous work is **"Travels in the Mughal Empire."**

**प्रश्न 29.**

**उत्तर / Answer:**

इस्लाम धर्म में कुछ आध्यात्मिक व्यक्तियों का झुकाव रहस्यवाद और वैराग्य की ओर बढ़ा। इन्हें सूफी कहा गया।

1. कुछ विद्वानों के अनुसार 'सूफी' शब्द 'सूफ' से बना है, जिसका अर्थ ऊन है।
2. ये लोग सामान्यतः ऊनी वस्त्र धारण करते थे।
3. अन्य विद्वान इसकी उत्पत्ति 'सफा' शब्द से मानते हैं, जिसका अर्थ पवित्र या स्वच्छ है।

**English Answer:**

Sufis were spiritual people in Islam who were inclined towards mysticism and renunciation.

1. Some scholars derive the word Sufi from "Suf" meaning wool.
2. Sufis were known for wearing coarse woollen garments.
3. Others derive it from "Safa" meaning purity or cleanliness.

**अथवा / OR**

**उत्तर / Answer:**

1. सूफी संतों की दरगाहों की यात्रा (जियारत) की जाती थी।
2. नृत्य एवं संगीत जियारत का महत्वपूर्ण भाग थे।
3. सूफी संत 'समा' अर्थात आध्यात्मिक संगीत सभाओं के माध्यम से ईश्वर की उपासना करते थे।

**English Answer:**

1. Pilgrimage to the shrines of Sufi saints was called Ziyarat.
2. Dance and music formed an important part of Ziyarat.
3. Chishti saints worshipped God through Sama (spiritual musical gatherings).

**प्रश्न 30.**

**उत्तर / Answer:**

महानवमी डिब्बा विजयनगर के राजकीय केन्द्र में स्थित एक विशाल मंच था।

1. यहाँ दशहरा, दुर्गा पूजा और महानवमी से जुड़े समारोह आयोजित किए जाते थे।
2. विजयनगर के शासक इस अवसर पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते थे।
3. शासक सेना का निरीक्षण करता था।
4. मूर्ति पूजा, अश्व पूजा तथा पशु बलि जैसे अनुष्ठान सम्पन्न होते थे।

**English Answer:**

1. Rituals related to Dussehra, Durga Puja and Mahanavami were performed here.
2. The rulers displayed their military and political power.
3. The king inspected his army.
4. Idol worship, horse worship and animal sacrifices were performed.

**प्रश्न 31.**

**उत्तर / Answer:**

मंगल पांडे बंगाल के बैरकपुर छावनी का एक सैनिक था। अंग्रेज अधिकारियों द्वारा चर्बी लगे कारतूसों के प्रयोग के विरोध में उसने विद्रोह किया। 8 अप्रैल 1857 को उसे फाँसी दे दी गई। उसे 1857 की क्रांति का प्रथम शहीद माना जाता है।

**English Answer:**

Mangal Pandey was a soldier stationed at Barrackpore in Bengal. He revolted against the use of greased cartridges and attacked British officers. He was hanged on 8 April 1857 and is regarded as the first martyr of the Revolt of 1857.

**प्रश्न 32.**

**उत्तर / Answer:**

1917 ई. में महात्मा गांधी ने बिहार के चम्पारण जिले में नील किसानों पर यूरोपीय बागान मालिकों के अत्याचारों के विरुद्ध सत्याग्रह किया।

1. दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद यह गांधीजी का पहला सत्याग्रह था।
2. सरकार ने जाँच आयोग नियुक्त किया जिसमें गांधीजी को सदस्य बनाया गया।
3. आयोग ने किसानों की समस्याओं की जाँच की।
4. अन्यायपूर्ण प्रथाओं को समाप्त किया गया।
5. किसानों के अधिकारों को मान्यता मिली।

**English Answer:**

In 1917, Mahatma Gandhi launched the Champaran Satyagraha against the exploitation of indigo farmers by European planters in Bihar.

1. It was Gandhi's first Satyagraha in India after returning from South Africa.
2. The government appointed an inquiry commission and included Gandhi as a member.
3. The commission investigated farmers' grievances.
4. Unfair practices were abolished.
5. Farmers received recognition of their rights.

**अथवा / OR**

**उत्तर / Answer:**

1. 1918 में मजदूरों ने बोनस एवं वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल की।
2. गांधीजी ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया।
3. गांधीजी ने पहली बार अनशन किया।
4. मिल मालिक समझौते के लिए तैयार हो गए।
5. मजदूरों को 35% भत्ता/वेतन वृद्धि दी गई।
6. इसके बाद हड़ताल समाप्त हो गई।

**English Answer:**

1. Workers demanded bonus and higher wages in 1918.
2. Gandhi led the movement.
3. Gandhi undertook his first fast.
4. Mill owners agreed to negotiate.
5. Workers received a 35% wage increase.
6. The strike ended successfully.

## खंड-ग (लघु उत्तरीय प्रश्न) 3 × 5 = 15

## Section-C (Short Answer Questions)

**प्रश्न 33.**

**उत्तर / Answer:**

1. संयुक्त परिवार व्यवस्था।
2. पारस्परिक सहयोग एवं उत्तरदायित्व।
3. बड़ों का सम्मान एवं पारिवारिक अनुशासन।

1. Joint Family System
The joint family system is a family structure in which several generations live together and share resources and responsibilities.

2. Mutual Cooperation and Responsibility
Family members help one another and sincerely fulfill their duties and responsibilities.

3. Respect for Elders and Family Discipline
In Indian families, elders are respected, and family rules and discipline are followed.

**अथवा / OR**

**उत्तर / Answer:**

1. सामाजिक असमानता को बढ़ावा देती है।
2. अस्पृश्यता एवं भेदभाव को जन्म देती है।
3. राष्ट्रीय एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

1. Promotes Social Inequality
It promotes social inequality among different sections of society.

2. Gives Rise to Untouchability and Discrimination
It leads to untouchability and various forms of social discrimination.

3. Creates Obstacles to National Unity
It hinders national unity and weakens social harmony.

**प्रश्न 34.**

**उत्तर / Answer:**

1. यूनानी एवं भारतीय कला का मिश्रण।
2. बुद्ध की मूर्तियों का यथार्थवादी चित्रण।
3. वस्त्रों की सिलवटों का स्पष्ट अंकन।

1. Blend of Greek and Indian Art
It represents a fusion of Greek and Indian artistic traditions.

2. Realistic Depiction of Buddha Statues
The statues of Buddha are portrayed in a realistic and natural manner.

3. Clear Representation of Garment Folds
The folds and drapery of clothing are depicted with great detail and clarity.

**प्रश्न 35.**

**उत्तर / Answer:**

इब्न बतूता ने नारियल को मानव सिर के समान बताया, जिसके भीतर मीठा पानी और गूदा होता है। उसने पान के पत्तों का वर्णन एक ऐसे पौधे के रूप में किया जिसे लोग सुपारी के साथ चबाते थे और जो मुख को सुगंधित तथा ताज़ा बनाता था।

English Translation:

Ibn Battuta described the coconut as being similar to a human head, containing sweet water and edible flesh inside. He also described betel leaves as a plant whose leaves were chewed with areca nut (betel nut). According to him, this practice made the mouth fragrant and refreshed.

**प्रश्न 36.**

**उत्तर / Answer:**

1. कर्मकांड एवं जटिल धार्मिक प्रथाओं का विरोध।

2. जाति व्यवस्था एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध प्रतिक्रिया।
3. ईश्वर के प्रति व्यक्तिगत भक्ति एवं सरल उपासना पर बल।

1. Opposition to Ritualism and Complex Religious Practices
The Bhakti Movement opposed ritualism and complicated religious practices.

2. Reaction Against the Caste System and Social Discrimination.

3. Emphasis on Personal Devotion and Simple Worship
The movement stressed personal devotion to God and simple forms of worship.

**प्रश्न 37.**

**उत्तर / Answer:**

डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर भारत के महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री तथा भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। उन्होंने दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

Dr. Bhimrao Ramji Ambedkar was a great social reformer, jurist, economist, and the chief architect of the Constitution of India. He fought for the rights of Dalits and other marginalized sections of society.

**अथवा / OR**

**उत्तर / Answer:**

धर्मनिरपेक्ष राज्य वह राज्य है जो किसी विशेष धर्म को राजधर्म नहीं मानता तथा सभी धर्मों के प्रति समान व्यवहार करता है। प्रत्येक नागरिक को अपनी पसंद का धर्म मानने, पालन करने तथा प्रचार करने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है।

A secular state is a state that does not adopt any particular religion as its official religion and treats all religions equally. Every citizen has the freedom to profess, practice, and propagate the religion of their choice.

## खंड- घ ( निबंधात्मक प्रश्न) 5×4=20

## Section-D (Essay Type Questions)

**प्रश्न 38.**

हड़प्पा सभ्यता में शासक के अस्तित्व को लेकर विद्वान एकमत नहीं है। कुछ पुरातत्वविद इस मत के हैं कि इस सभ्यता में शासक नहीं थे। परन्तु प्राप्त हुए विभिन्न प्रमाणों के आधार पर तथा सभ्यता के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ विषयों को लेकर जो समरूपता पाई गई है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि शासकों की इस सभ्यता में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही होगी। हड़प्पाई समाज में शासकों द्वारा निम्न संभावित कार्य सम्पन्न किए जाते होंगे-

**(i) पुरावस्तुओं में एक रूपता स्थापित करना** – हड़प्पा सभ्यता में पुरावस्तुओं, मुहरों, बाटों तथा ईंटों में पाई जाने वाली असाधारण एकरूपता से स्पष्ट होता है कि पूरी सभ्यता में इस एकरूपता की स्थापना करना जनसामान्य के बस की बात नहीं थी। इन जटिल कार्यों को शासक के द्वारा कानून के माध्यम से सम्पन्न किया जाता होगा।

**(ii) नगर योजना बनाना** – शासकों का द्वितीय अति महत्वपूर्ण कार्य नगर योजना बनाना रहा होगा। हड़प्पा सभ्यता में नगर एक सुनिश्चित योजना के द्वारा बनाए जाते थे। नगरों में जल निकासी की उत्तम व्यवस्था की जाती थी। सड़कों को ग्रिड पद्धति पर बनाया जाता था। आपदा के समय के लिए अन्न को सुरक्षित रखने हेतु अन्नागार जैसी संरचना को स्थापित करना। ये सभी कार्य एक शासक के द्वारा ही नियमित रूप से सम्पन्न किए जाते होंगे।

**(iii) शिल्प उत्पादन के लिए कच्चे माल का प्रबन्धन** – हड़प्पा सभ्यता में अनेक शिल्प-उत्पादन कार्यों का संपादन होता था। इन शिल्प उत्पादन कार्यों के लिए आवश्यक कच्चे माल को उपलब्ध करवाना शासन तंत्र की ही जिम्मेदारी रही होगी।

**(iv) कच्चे माल की प्राप्ति के लिए बस्तियाँ स्थापित करना** – अर्थव्यवस्था को सुचारु रूप से गति प्रदान करने के लिए शासकों के द्वारा शिल्प उत्पादन के लिए कच्चे माल की प्राप्ति हेतु सभ्यता के अनेक स्थानों पर बस्तियाँ स्थापित की गई होंगी। उदाहरण के लिए नागेश्वर और बालाकोट में जहाँ शंख आसानी से उपलब्ध था, बस्तियाँ स्थापित की गईं।

**(v) अभियान भेजना एवं सुदूर क्षेत्रों में सम्बन्ध स्थापित करना** – शासकों के द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने हेतु समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर अभियान भेजे जाते थे। जैसे राजस्थान के खेतड़ी अंचल से ताँबा प्राप्त करने के लिए अभियान भेजना। विभिन्न प्रमाणों से पता चलता है कि हड़प्पा सभ्यता का ओमान, मेलुहा आदि बाहरी क्षेत्रों से सम्बन्ध रहा था। इन सभी कार्यों को शासकों के द्वारा ही किया जा सकता था।

इस प्रकार स्पष्ट है कि उपर्युक्त कार्यों की नियमित रूप से तथा प्रभावी ढंग से सम्पन्नता केवल शासक वर्ग ही कर सकता था। ये सभी निर्णय आम लोग सामूहिक रूप से नहीं ले सकते थे।

**English Translation**

Scholars are not unanimous about the existence of a ruler in the Harappan Civilization. Some archaeologists are of the opinion that there were no rulers in this civilization. However, on the basis of various evidences and similarities found in different regions of the civilization, it can be said that rulers must have played an important role.

**(i) Establishing uniformity in antiquities** – The extraordinary uniformity found in seals, weights and bricks indicates organized authority.

**(ii) Town Planning** – Cities were built according to a definite plan with proper drainage systems, grid-pattern roads and granaries.

**(iii) Management of Raw Materials** – The administration must have ensured the supply of raw materials for craft production.

**(iv) Establishing Settlements** – Settlements such as Nageshwar and Balakot were established to obtain essential resources.

**(v) Trade Expeditions and External Relations** – Expeditions were sent to acquire resources such as copper from Khetri and to maintain relations with regions like Oman and Meluhha.

Therefore, it is evident that these activities required an organized ruling authority.

**अथवा / OR**

**सामाजिक जीवन (Social Life)**

हड़प्पा सभ्यता में परिवार सामाजिक जीवन की मूल इकाई था। उनका सामाजिक जीवन सुखी एवं सुविधापूर्ण था। उत्खनन में प्राप्त हुई बहुसंख्यक नारी मूर्तियों से संकेत मिलता है कि उनका परिवार मातृसत्तात्मक हो सकता था।

हड़प्पाकालीन समाज की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं –

- हड़प्पा सभ्यता के लोग शाकाहारी तथा मांसाहारी दोनों प्रकार का भोजन करते थे।
- खुदाई में प्राप्त सुइयों से अनुमान लगाया जाता है कि लोग सिले हुए वस्त्र पहनते थे।
- उस समय केश विन्यास प्रचलित था। स्त्रियाँ जूड़ा बनाती थीं तथा पुरुष लंबे बाल और दाढ़ी-मूँछ रखते थे।
- लोग आभूषणों के शौकीन थे। वे कण्ठहार, कर्णफूल, हँसुली, भुजाबन्ध, कड़ा तथा अंगूठी पहनते थे।
- आभूषण बहुमूल्य पत्थरों, हाथीदाँत, हड्डी तथा शंख से बनाए जाते थे।
- लोग आमोद-प्रमोद के प्रेमी थे। पासा उस काल का प्रमुख खेल था।

## धार्मिक जीवन (Religious Life)

हड़प्पा सभ्यता के धार्मिक स्वरूप के बारे में कोई लिखित साहित्य उपलब्ध नहीं है। धार्मिक जीवन की जानकारी उत्खनन में प्राप्त अवशेषों से मिलती है।

- हड़प्पा संस्कृति में मिस्र एवं मेसोपोटामिया की भाँति किसी मंदिर के अवशेष प्राप्त नहीं हुए हैं।
- मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा से प्राप्त मूर्तियों को मातृदेवी की मूर्तियाँ माना जाता है।
- एक मूर्ति में स्त्री के गर्भ से पौधा निकलता हुआ दिखाया गया है, जो पृथ्वी देवी की पूजा का संकेत देता है।

- मोहनजोदड़ो से प्राप्त पशुपति मुद्रा में तीन मुख वाला पुरुष योग मुद्रा में बैठा दिखाया गया है। इसकी तुलना भगवान शिव के पशुपति रूप से की जाती है।
- लोग वृक्ष पूजा, विशेषकर पीपल वृक्ष की पूजा करते थे।
- पशु पूजा के भी प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

## English Translation

### Social Life

The family was the basic social unit in the Harappan Civilization. People led a comfortable life. The large number of female figurines suggests the possibility of a matriarchal society.

- People consumed both vegetarian and non-vegetarian food.
- Evidence suggests the use of stitched clothes.
- Hairstyles were common; women tied their hair in buns while men kept long hair and beards.
- Jewellery was widely used.
- Ornaments were made of precious stones, ivory, bones and shells.
- Dice was a popular game.

### Religious Life

No written records regarding religion have been found. Information is based on archaeological remains.

- No temple structures have been discovered.

- Evidence of Mother Goddess worship has been found.
- Earth Goddess worship may have existed.
- The Pashupati Seal suggests the worship of a proto-Shiva figure.
- Tree worship, especially of the Peepal tree, was prevalent.
- Animal worship was also practiced.

**प्रश्न 39.**

**उत्तर :**

मोहनजोदड़ो सिंधु घाटी सभ्यता का एक प्रमुख नगर था, जो वर्तमान पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित है। यह नगर अपनी उन्नत नगर-योजना एवं सुव्यवस्थित संरचना के लिए प्रसिद्ध है।

**(i) सुव्यवस्थित नगर-योजना** – नगर को ग्रिड पद्धति के अनुसार बसाया गया था। सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं।

**(ii) उन्नत जल-निकास व्यवस्था** – प्रत्येक घर से जुड़ी नालियाँ मुख्य नालियों में मिलती थीं। नालियाँ पक्की ईंटों से निर्मित थीं।

**(iii) महान स्नानागार (Great Bath)** – यह मोहनजोदड़ो की सबसे प्रसिद्ध इमारत थी, जिसका उपयोग संभवतः धार्मिक अनुष्ठानों के लिए किया जाता था।

**(iv) पक्की ईंटों के मकान** – अधिकांश मकान पक्की ईंटों से बने हुए थे तथा उनमें आँगन, स्नानघर और कुएँ की व्यवस्था थी।

**(v) सार्वजनिक भवन** – यहाँ विशाल अन्नागार, सभा भवन तथा अन्य सार्वजनिक संरचनाएँ भी पाई गई हैं।

**(vi) स्वच्छता पर विशेष ध्यान** – नगर की स्वच्छता व्यवस्था अत्यंत विकसित थी, जो उस समय की उच्च सभ्यता का प्रमाण है।

अतः मोहनजोदड़ो सिंधु सभ्यता के विकसित सामाजिक, आर्थिक तथा प्रशासनिक जीवन का उत्कृष्ट उदाहरण था।

**English Translation**

Mohenjodaro was one of the most important cities of the Indus Valley Civilization. It is located in present-day Pakistan and is famous for its advanced urban planning and architecture.

**(i) Well-planned city** – The city was laid out in a grid pattern with streets crossing each other at right angles.

**(ii) Excellent drainage system** – Covered drains made of baked bricks were connected to houses and main streets.

**(iii) The Great Bath** – It was the most remarkable structure of Mohenjodaro and was probably used for religious ceremonies.

**(iv) Brick houses** – Most houses were built of baked bricks and had courtyards, bathrooms, and wells.

**(v) Public buildings** – Large granaries, assembly halls, and other public structures have been discovered.

**(vi) High standard of sanitation** – The city had a well-organized system for cleanliness and waste disposal.

Thus, Mohenjodaro reflects the high level of social, economic, and administrative development achieved by the Indus Valley Civilization.

**अथवा / OR**

**उत्तर :**

हाँ, मैं इस तथ्य से पूर्णतः सहमत हूँ कि हड़प्पा सभ्यता के नगरों की जल-निकास व्यवस्था उनकी विकसित नगर-योजना का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करती है।

(i) **सुव्यवस्थित नालियाँ** – नगरों में पक्की ईंटों से बनी ढकी हुई नालियाँ थीं, जो वैज्ञानिक ढंग से निर्मित की गई थीं।

(ii) **घरों से जुड़ी व्यवस्था** – लगभग प्रत्येक घर में स्नानघर तथा जल-निकास की व्यवस्था थी, जो मुख्य नालियों से जुड़ी हुई थी।

(iii) **नियमित सफाई की व्यवस्था** – नालियों में निरीक्षण एवं सफाई हेतु विशेष छिद्र तथा गड्ढे बनाए गए थे।

(iv) **ग्रिड प्रणाली का उपयोग** – सड़कें और नालियाँ योजनाबद्ध ढंग से निर्मित थीं, जिससे जल का प्रवाह सुचारु रूप से होता था।

(v) **सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता** – जल निकासी एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान नगर प्रशासन की दक्षता को दर्शाता है।

इन तथ्यों से स्पष्ट है कि हड़प्पा सभ्यता के नगर किसी पूर्व नियोजित योजना के अनुसार बसाए गए थे। उनकी उत्कृष्ट जल-निकास व्यवस्था विश्व की प्राचीनतम एवं सर्वश्रेष्ठ नगर-योजनाओं में से एक मानी जाती है।

**English Translation**

Yes, I agree that the drainage system of the Harappan cities clearly indicates a highly developed system of town planning.

**(i) Planned drainage network** – The cities had covered drains constructed with baked bricks, showing careful planning.

**(ii) Connection with houses** – Almost every house had a bathroom and a drainage outlet connected to the main drains.

**(iii) Provision for cleaning** – Inspection holes and soak pits were provided for regular cleaning and maintenance of drains.

**(iv) Grid-pattern layout** – Roads and drains were laid out systematically, ensuring smooth flow of wastewater.

**(v) Concern for public health** – The emphasis on sanitation and cleanliness reflects efficient civic administration.

These features prove that Harappan cities were built according to a well-organized urban plan. Their drainage system is considered one of the finest examples of town planning in the ancient world.

**प्रश्न 40.**

**उत्तर :**

सिक्ख धर्म के प्रवर्तक गुरु नानक देव जी थे। उनका जन्म 1469 ई. में रावी नदी के तट पर स्थित तलवंडी नामक गाँव में हुआ था। उन्होंने अपने उपदेश पंजाबी भाषा में दिए तथा उनके संदेश उनके भजनों में निहित हैं। सिक्ख धर्म की प्रमुख शिक्षाएँ निम्नलिखित हैं—

**(i)** ईश्वर की भक्ति निष्काम भाव से करनी चाहिए। ईश्वर सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापक, निराकार एवं अदृश्य है। ईश्वर का नाम

स्मरण तथा उसके समक्ष आत्मसमर्पण ही उसकी प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है।

**(ii)** सिक्ख धर्म में गुरु को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है। गुरु को मनुष्य के जीवन का मार्गदर्शक माना गया है।

**(iii)** इस धर्म में गृहस्थ जीवन का त्याग उचित नहीं माना गया। गुरु नानक के अनुसार गृहस्थ जीवन ईश्वर प्राप्ति में बाधक नहीं बल्कि सहायक है।

**(iv)** सिक्ख धर्म जाति-पाति, धर्म तथा वर्गभेद का विरोध करता है। गुरु नानक ने यज्ञ, व्रत तथा पवित्र स्नान जैसे बाहरी कर्मकाण्डों का विरोध किया।

**(v)** समाज में प्रेम, समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए लंगर प्रथा का आरम्भ किया गया।

**(vi)** उन्होंने सदाचार, परोपकार, सत्यनिष्ठा तथा नेक कमाई जैसे गुणों के विकास पर बल दिया।

**English Translation**

The founder of Sikhism was Guru Nanak Dev Ji. He was born in 1469 AD at Talwandi on the banks of the Ravi River. He preached in Punjabi and his teachings are preserved in his hymns. The main teachings of Sikhism are as follows—

**(i)** God should be worshipped selflessly. He is omnipotent, omnipresent, formless and invisible.

**(ii)** The Guru occupies a central place in Sikhism and acts as a guide in human life.

**(iii)** Renunciation of family life is not considered necessary. A householder's life can also lead to God-realization.

**(iv)** Sikhism opposes caste discrimination, religious divisions and social inequality. Guru Nanak opposed empty rituals and ceremonies.

**(v)** The institution of Langar was introduced to promote equality, cooperation and brotherhood.

**(vi)** Guru Nanak emphasized moral conduct, charity, honesty and righteous earning.

**अथवा / OR**

**उत्तर :**

अलवार, नयनार तथा वीरशैव दक्षिण भारत में उत्पन्न धार्मिक एवं सामाजिक आन्दोलन थे। अलवार और नयनार मुख्यतः तमिलनाडु में तथा वीरशैव (लिंगायत) आन्दोलन कर्नाटक में विकसित हुआ।

**(i)** अलवार और नयनार संतों ने जाति प्रथा का विरोध किया तथा सभी मनुष्यों को एक ही ईश्वर की संतान माना।

**(ii)** इनके साहित्य में विष्णु और शिव भक्तों को जाति एवं वर्ण से ऊपर स्थान दिया गया।

**(iii)** इन संतों में ब्राह्मण, किसान, शिल्पकार तथा तथाकथित अस्पृश्य जातियों के लोग भी शामिल थे।

**(iv)** अलवार संतों की रचनाओं को अत्यधिक सम्मान दिया गया तथा उनके प्रमुख ग्रन्थ *नलचिरादिव्यप्रबंधम्* को "तमिल वेद" कहा गया।

**(v)** वीरशैव अथवा लिंगायत समुदाय ने ब्राह्मणवादी धर्मशास्त्रों की अनेक मान्यताओं को स्वीकार नहीं किया।

**(vi)** उन्होंने वयस्क विवाह तथा विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया।

**(vii)** लिंगायतों का मानना था कि जाति व्यवस्था केवल कुछ विशेष वर्गों के हितों की पूर्ति करती है, इसलिए उसका विरोध किया जाना चाहिए।

**English Translation**

The Alvar, Nayanar and Veerashaiva movements originated in South India. Alvars and Nayanars flourished in Tamil Nadu, while the Veerashaiva (Lingayat) movement developed in Karnataka.

**(i)** They opposed the caste system and regarded all human beings as children of one God.

**(ii)** Their literature gave importance to devotion rather than caste or social status.

**(iii)** Their followers came from Brahmin, artisan, peasant and even so-called untouchable communities.

**(iv)** The works of the Alvar saints were highly respected, and *Nalchiradivyaprabandham* came to be known as the "Tamil Veda".

**(v)** The Lingayats rejected many Brahmanical beliefs and practices.

**(vi)** They supported adult marriage and widow remarriage.

**(vii)** They believed that the caste system served the interests of a privileged class and therefore opposed it.

**प्रश्न 41.**

**उत्तर :**

1857 ई. के विद्रोह के परिणाम निम्नलिखित थे—

**(i) कंपनी शासन का अंत** – 1857 के विद्रोह का सबसे महत्त्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि ईस्ट इंडिया कम्पनी का शासन समाप्त कर दिया गया। 1 नवम्बर 1858 ई. को महारानी विक्टोरिया की घोषणा के अनुसार भारत का शासन ब्रिटिश संसद के अधीन कर दिया गया। बोर्ड ऑफ कंट्रोल तथा कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स को समाप्त कर दिया गया तथा भारत सचिव एवं उसकी सहायता के लिए 15 सदस्यीय परिषद् की नियुक्ति की गई।

**(ii) भारतीय राजाओं के प्रति अंग्रेजों की नीति में परिवर्तन** – अंग्रेजों ने भारतीय शासकों के प्रति नई नीति अपनाई। हड़प नीति (Doctrine of Lapse) समाप्त कर दी गई तथा भारतीय राजाओं को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार दिया गया। अब केवल कुशासन की स्थिति में ही अंग्रेज हस्तक्षेप कर सकते थे।

**(iii) मुगल वंश तथा पेशवाओं का अंत** – बहादुर शाह ज़फ़र को गिरफ्तार कर रंगून भेज दिया गया। 1862 ई. में उनकी मृत्यु के साथ मुगल वंश का अंत हो गया। नाना साहिब भी विद्रोह की असफलता के बाद नेपाल चले गए जहाँ उनकी मृत्यु हो गई।

**(iv) भारतीयों एवं यूरोपियनों के बीच तनाव** – विद्रोह के बाद अंग्रेजों और भारतीयों के संबंधों में कटुता बढ़ गई। अंग्रेजों द्वारा किए गए अत्याचारों के कारण भारतीयों में अंग्रेजी शासन के प्रति घृणा की भावना उत्पन्न हुई।

**(v) विद्रोह की असफलता के कारण** – बड़े जमींदारों तथा शिक्षित मध्यम वर्ग ने विद्रोह का समर्थन नहीं किया। साथ ही विद्रोह नियत तिथि से पहले आरम्भ हो गया, जिससे इसकी सफलता प्रभावित हुई।

**English Translation**

The results of the Revolt of 1857 were as follows—

**(i) End of Company Rule** – The most important result was the abolition of the East India Company's rule. By Queen Victoria's Proclamation of 1 November 1858, India came under the direct control of the British Crown.

**(ii) Change in British Policy towards Indian Princes** – The Doctrine of Lapse was withdrawn and Indian rulers were allowed to adopt heirs. British interference was limited to cases of misgovernment.

**(iii) End of the Mughal Dynasty and Peshwas** – Bahadur Shah Zafar was exiled to Rangoon and after his death in 1862, the Mughal dynasty came to an end. Nana Sahib also disappeared after the failure of the revolt.

**(iv) Strained Relations between Indians and Europeans** – Mutual distrust and hostility increased between Indians and the British after the revolt.

**(v) Reasons for Failure** – The revolt lacked the support of many landlords and educated Indians and began before the planned date.

**अथवा / OR**

**उत्तर :**

**(क) सैनिक विद्रोह मात्र (Military Rebellion Only)**

**(i)** 1857 के विद्रोह की आधारभूमि सैनिकों द्वारा तैयार की गई थी।

**(ii)** विद्रोह का तात्कालिक कारण चर्बी वाले कारतूसों का विवाद था।

**(iii)** विद्रोह पूरे भारत में नहीं फैला, बल्कि मुख्यतः सैनिक छावनियों और नगरों तक सीमित रहा।

**(iv)** ब्रिटिश सरकार ने अपेक्षाकृत कम कठिनाइयों के साथ इसका दमन कर दिया क्योंकि इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त नहीं था।

**(ख) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (First War of Independence)**

**(i)** लाखों किसानों, कारीगरों और सैनिकों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया।

**(ii)** हिन्दू और मुसलमान दोनों ने मिलकर भाग लिया तथा बहादुर शाह ज़फ़र को अपना सम्राट स्वीकार किया।

**(iii)** अधिकांश विद्रोही केन्द्रों पर आम जनता ने सक्रिय भागीदारी की।

**(iv)** विद्रोह का क्षेत्र व्यापक था तथा अनेक रियासतों में जनता और सैनिकों ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया।

**निष्कर्ष:**

यद्यपि विद्रोह की शुरुआत सैनिकों द्वारा हुई थी, किन्तु इसमें किसानों, कारीगरों, जमींदारों तथा आम जनता की भागीदारी के कारण अनेक इतिहासकार इसे भारत का **प्रथम स्वतंत्रता संग्राम** मानते हैं।

**English Translation**

**(A) Military Rebellion Only**

1. The revolt was initiated by Indian soldiers.
2. The immediate cause was the issue of greased cartridges.
3. It remained confined mainly to military cantonments.
4. The British were able to suppress it relatively quickly.

**(B) First War of Independence**

1. Millions of peasants, artisans and soldiers participated.
2. Hindus and Muslims fought together against British rule.
3. Common people actively joined the rebellion.
4. The revolt spread over a large geographical area.

**Conclusion:**

Although it began as a military uprising, the participation of different sections of Indian society has led many historians to regard it as the **First War of Indian Independence**.


## खंड- ड़ (मानचित्र आधारित प्रश्न) 5x1=5

## Section-E (Map Based Questions)

**प्रश्न 42. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए।**

1. Manda
2. Matsya
3. Sarnath
4. Ajmer
5. Amritsar

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड



INDIA
Political
Scale 0 150 kms
(1) MANDA
(5) AMRITSAR
(2) MATSYA
(4) AJMER
SARNATH
(3)
N

आज़ादी का अमृत महोत्सव
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Digital India
Power To Empower